# बेगमगंज में पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारें

## इंडियन ऑयल के ऑफिसर ने कहा- पेट्रोलियम पदार्थों का कोई संकट नहीं

**बेगमगंज, 7 मार्च. ईरान अमेरिका युद्ध के मद्देनजर पेट्रोलियम पदार्थों का संकट बढ़ने की आशंका को लेकर किसानों एवं वाहन चालकों द्वारा पेट्रोल एवं डीजल का स्टॉक रखना शुरू कर दिया है.नगर के भोपाल रोड स्थित 3, सागर रोड स्थित 2 एवं सुल्तानगंज मार्ग पर हफसीलि पेट्रोल पंप , सुल्तानगंज क्षेत्र के 4 पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिल रही है.**



किसानों द्वारा दो सौ लीटर के ड्रम में डीजल भरवाया जा रहा है जबकि दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों में फुल टैंक कराने के साथ अलग से 5 ,10 लीटर 20 लीटर की कुप्पियों में डीजल एवं पेट्रोल लिया जा रहा है. तेल कंपनियों द्वारा स्टॉक में पर्याप्त डीजल - पेट्रोल एवं गैस होने का बयान जारी करते हुए अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की है. इसके बावजूद लोग स्टॉक कर रहे हैं.

पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि अभी तक किसी प्रकार का संकट नहीं आया है. फिर भी पंपों पर कतारें लग रही हैं. लोग वाहनों के साथ टंकियों एवं कुप्पियों में भी डीजल पेट्रोल भरने के लिए दबाव बना रहे हैं ,जबकि केवल वाहनों में पेट्रोल-डीजल भरने का नियम है. इसको लेकर वाहन मालिक एवं किसान पंप कर्मचारियों से विवाद कर रहे हैं. आम दिनों की अपेक्षा बिक्री 10 गुना अधिक बढ़ गई है, जिससे उन्हें प्रतिदिन पेट्रोलियम डिपो से टैंकर मंगवाना पड़ रहे हैं. पेट्रोल पंप पर भीड़ को नियंत्रित करने में पेट्रोल पंप कर्मचारियों का पसीना छूट रहा है, उन्हें पुलिस की सहायता लेना पड़ रही है. सागर रोड स्थित आदित्य फ्यूल पेट्रोल पंप भी इन दिनों भीड़ लग रही है, जबकि यहां पर नाम मात्र के ग्राहक ही जाते थे.

### इनका कहना है

डीजल लेने आए किसान रामसिंह कुशवाहा, गोवर्धन कुशवाहा, हरिशंकर कुशवाहा , राजेंद्र कुर्मी तुलसीपार , पर्वतसिंह लोधी, मोहन लोधी सलैया, इंद्रराज सिंह एडवोकेट वीरपुर , मनोज सोनी , राजेश शर्मा बेगमगंज ने बताया कि एक बार खाड़ी युद्ध के समय भी डीजल का संकट आ गया था तो हम किसानों को बहुत ज्यादा परेशानी हुई थी. पुराने कड़बे अनुभव को देखते हुए खेती -किसानी के लिए स्टॉक रखना जरूरी है. रायसेन डिवीजन इंडियन ऑयल के फील्ड ऑफिसर नीरज अहिरवार का कहना है कि पेट्रोलियम पदार्थों का कोई संकट नहीं है. सभी जगह पर्याप्त स्टॉक है .भारत सरकार एवं पेट्रोलियम कंपनियां द्वारा पूर्व में भी सूचित कर दिया गया था कि हमारे पास पर्याप्त स्टॉक है. फिलहाल किसी प्रकार की कमी नहीं है. इसलिए उपभोक्ताओं को चिंता नहीं करना चाहिए है.

# ईरान के समर्थन में बनाई रील पर आयोग ने लिया संज्ञान

▸ किले की तोप के साथ ईरान के समर्थन में बनाई थी रील

**रायसेन, 7 मार्च. नवाबी शासन काल से रायसेन के किले पर रमजान में रोजा-अफ्तार के लिए चलाई जाने वाली तोप को दर्शाते हुए दानिश स्टार नामक युवक ने अपने कुछ साथियों के साथ रील बनाकर ईरान का समर्थन करते हुए उत्तेजित नारेबाजी की. यह रील वायरल होते ही मामला गर्मा गया. शिकायत पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य सहित पुलिस के संज्ञान में लाने से जांच शुरू कर दी है.**

रायसेन तहसीलदार भरत मांडरे ने बताया कि कुछ मीडियाकर्मियों द्वारा उन्हें इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहे उक्त वीडियो को बताया गया है , उन्होंने थाना प्रभारी को जांच कर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई को कहा है. वहीं राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने एक्स पर ट्वीट कर कहा कि रायसेन में पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित किले की सफील ( दीवार ) से आवासीय बस्ती के ऊपर देशी अवैध तोप चलाकर जनजीवन को खतरे में डाल रहे कतिपय युवक ईरान और रमजान के नाम पर भय फैला रहे हैं. यहीं स्थित महादेव के मंदिर में हिंदुओं को दर्शन करने से बड़ी मुस्तेदी से रोकने वाले आर्कियोलॉजीकल सर्वे ऑफ इंडिया एवं स्थानीय प्रशासन के अफसरों को उतनी ही तत्परता के साथ इन पर मुकदमा दर्ज कराना चाहिए.

कानूनगो ने लिखा कि संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के लिए हम नोटिस भेज ही रहे हैं ,तब अफसरों को कर्तव्य पालन न करने का हिसाब भी देना होगा. कानूनगो ने एक्स पर ही घटना का वीडियो भी अपलोड किया है कि इस मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई है. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने रायसेन के पुरातत्व विभाग के अधीन किले में अवैध हथियार बनाने , गोला बारूद चलाने ,दहशत फैलाने , नागरिकों के जीवन को खतरे में डालने और पुरातत्व धरोहर को नुकसान पहुंचाने के मामले में नोटिस देने का फैसला किया है.

### इनका कहना है

कोतवाली प्रभारी नरेंद्र गोयल ने बताया कि विवादग्रस्त रील बनाने वाले मामले की पुलिस गहनता से पड़ताल कर रही है और दानिश स्टार सहित तीन अन्य युवकों के खिलाफ जांच उपरांत एफआईआर दर्ज की जाएगी.

## शिक्षकों की समस्याएं सुलझाने 9 को शिविर

**साईंखेड़ा.** शिक्षकों के लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यह शिविर 9 से 18 मार्च तक सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिलवानी में आयोजित किया जाएगा. शिविर में शिक्षकों से संबंधित विभिन्न लंबित मामलों का निराकरण किया जाएगा. इसमें प्रमुख रूप से क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, वेतन वृद्धि संबंधी प्रकरण, सेवा अभिलेखों का अद्यतन, आगामी तीन वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के वेतन निर्धारण का कोष एवं लेखा विभाग द्वारा परीक्षण जैसे कार्य किए जाएंगे. पेंशन से जुड़े प्रकरणों का निराकरण, सेवानिवृत्ति से पूर्व वसूली योग्य प्रकरणों का निर्धारण तथा अन्य लंबित अभ्यावेदनों का भी समाधान किया जाएगा.




## होली मिलन समारोह संपन्न

**साईंखेड़ा,7 मार्च. अखंड अखिल भारतीय रघुवंशी समाज महापरिषद का होली मिलन समारोह मां नर्मदा गार्डन, चंदनपिपरिया में संपन्न हुआ. समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं .**

इस अवसर पर आगामी पर्व रामनवमी भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया. संचालन कार्यकारी जिला अध्यक्ष अभिषेक रघुवंशी ने किया. अंत में रघुवंशी युवा इकाई के ब्लॉक अध्यक्ष राजीव सिंह रघुवंशी ने सभी का आभार व्यक्त किया.इस अवसर पर महेश पटेल (मुआर), वीरेंद्र रघुवंशी (मदनपुर), रघुवर सिंह पटेल, युवा राष्ट्रीय कार्यकारणी सचिव अरविंद सिंह रघुवंशी मड़िया देवरी, रघुवंशी युवा इकाई के जिला अध्यक्ष सतेंद्र रघुवंशी सिमरिया (उदयपुरा) ,रघुवंशी समाज सिलवानी ब्लॉक मीडिया प्रभारी बृजमोहन रघुवंशी आदि कई लोग उपस्थित थे.

### एक नजर में

## 12 वर्षीय बालक गायब, तलाश में जुटी पुलिस



**बेगमगंज.** वार्ड क्रमांक एक कसाई मंडी से शुक्रवार दोपहर लाल मियां कुरेशी का 12 वर्षीय बेटा अल्तमश कुरेशी गायब हो गया. उसका दूसरे दिन शनिवार को भी कोई पता नहीं चला है. अल्तमश अपनी मां से खेलने जाने का बोलकर घर से निकला था. बालक शाम तक घर नहीं आया तो उसकी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा. एसडीओपी सोनाली गुप्ता ने बताया कि बालक के पिता लाल मियां कुरेशी की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुम इंसान कायम कर सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है. छानबीन के दौरान पता चला है कि उसने भोपाल तरफ जाने वाली एक बस में दो -तीन बार चढ़ाने का प्रयास किया लेकिन अकेला बच्चा देखकर कंडक्टर ने उसे उतार दिया था. इसके बाद पता चला कि वो किसी दूसरी बस में बैठकर गया और रायसेन में चौराहे पर उतर गया था. उसके दोस्तों की इंदौर में काम करने वाले किसी ओसामा नामक युवक से दोस्ती है और वो दोस्तों से उससे मिलने की भी कह रहा था. इसी आधार पर अब उसकी रायसेन , भोपाल , इंदौर तक खोजबीन जारी है.

## ओमदेव पटेल पुन: बने आप के जिला अध्यक्ष



**सिलवानी.** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा ओमदेव पटेल को एक बार फिर आम आदमी पार्टी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. इस नियुक्ति पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है. ओमदेव पटेल ने हमेशा आम आदमी पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने और संगठन को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है. अपने सरल स्वभाव, ईमानदारी और मेहनत के बल पर उन्होंने कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच एक विशेष पहचान बनाई है. वे लगातार क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर सक्रिय रहे हैं. उनके कार्यों और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने एक बार फिर उन पर विश्वास जताते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है. सभी कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा क्षेत्र में जनहित के कार्यों को नई गति आएगी.

## 15 को मनाई जाएगी मां कर्मा देवी जयंती

**सिलवानी.** सेवा, त्याग एवं भक्ति समर्पण की प्रतीक भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती 15 मार्च को नगर में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी.



जयंती महोत्सव को लेकर साहू समाज द्वारा तैयारियां की जा रही है. साहू समाज के पदाधिकारी एवं समाज बंधु नगर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं. इसके साथ ही वे समाजजनों को मां कर्मा देवी के जीवन, त्याग और भक्ति से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों की जानकारी देकर जागरूक भी कर रहे हैं. नगर साहू समाज अध्यक्ष राजकुमार साहू (राजू) ने बताया कि 15 मार्च को प्रात: साहू समाज धर्मशाला में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाएगा. इसके पश्चात भव्य चल समारोह निकाला जाएगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ भोपाल रोड स्थित द रॉयल गार्डन पहुंचेगा. चल समारोह के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ शामिल होंगे. यहां सामूहिक पूजा-अर्चना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें समाज के बच्चे, युवा एवं महिलाएं भाग लेंगी. साहू समाज ने सभी समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है.

# मंडीदीप में हुई खेल प्रतियोगिताएं

**रायसेन, 7 मार्च. रायसेन जिले के मंडीदीप में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को मेरा युवा भारत, रायसेन द्वारा 'अस्मिता - खेल से ही पहचान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया.** कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष मंडीदीप प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल उपस्थित रहीं. विशिष्ट अतिथियों में पार्षद प्रार्थना चौहान, नीरजा श्रीवास्तव प्राचार्य शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्रतिभा त्रिवेदी प्राचार्य शासकीय बालिका हायर सेकेंडरी स्कूल तथा सीमा पाठक उपस्थित रहीं. कार्यक्रम में मोनिका चौधरी उप निदेशक, माय भारत, जलज चतुर्वेदी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, बृजेश जैन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, रस्साकशी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं.







## महिला दिवस पर 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**सलामतपुर, 7 मार्च. महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी ब्रजेश जैन के दिशा-निर्देश अनुसार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सलामतपुर के शासकीय विद्यालय में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. पहले दिन आत्मरक्षा एवं सुरक्षा जागरूकता पर विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं.**

दूसरे दिन शनिवार को खेल प्रतियोगिता, योगाभ्यास एवं व्यायाम जागरूकता कार्यक्रम हुआ. तीसरे दिन 8 मार्च को 'साइकिल डे - साइक्लिंग फॉर हेल्थ' का आयोजन किया जाएगा.

पहले दिन आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया. इस दौरान लगभग 30 महिलाएं और 50 बालिकाएं एवं बालक उपस्थित रहे. कार्यक्रम का आयोजन परियोजना अधिकारी आशा सिंह के नेतृत्व में किया गया. इस अवसर पर सुपरवाइजर नीता अहिरवार सहित सलामतपुर और दीवानगंज की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद रहीं.

## जिले में आज शराब दुकानें रहेंगी बंद

**रायसेन, 7 मार्च.** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अरूण विश्वकर्मा द्वारा जिले में रंगपंचमी पर 8 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया गया है. मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24( 1) द्वारा जारी निर्देश के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में रंगपंचमी 8 मार्च को प्रात: 08 .30 बजे से शाम 04 बजे तक जिले की समस्त मदिरा दुकानें एवं समस्त बार बंद रहेंगे.


नवभारत

सुरूचि नारी शक्ति सम्मान

भारतीय महिलाएं सब क्षेत्रों में अपने कौशल और लगन से समाज में आगे बढ़ रही हैं उनके उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए नवभारत भोपाल 8 मार्च 2026 को " सुरूचि नारी शक्ति सम्मान " का आयोजन करने जा रहा है।

8 मार्च 2026
समय : अपरान्ह 4 से सायं 6 बजे तक

8 मार्च के इस कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं



इस भव्य कार्यक्रम में "भोपाल नगर की चयनित विशिष्ट महिलाओं" को उनकी विभिन्न विधाओं में विशिष्ट उपलब्धियों और समाज में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया जायेगा ।

कार्यक्रम का स्थान : नवभारत प्रेस परिसर रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग एम पी नगर जोन - 1, भोपाल म.प्र.


**आजीविका मिशन** ▸ स्व-सहायता समूह से जुड़कर ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आ रहा बदलाव

# अब दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनीं सरूपी मीणा

**रायसेन, 7 मार्च. सरकार द्वारा संचालित आजीविका मिशन ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है. महिलाएं अब अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं.**




रायसेन जिले के सांची विकासखंड के ग्राम रतनपुर गिरधारी निवासी सरूपी मीणा आजीविका मिशन से जुड़कर आज आर्थिक रूप में ना सिर्फ आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी हैं. सरूपी मीणा द्वारा सांची में रूरल मार्ट का संचालन किया जा रहा है. इसके साथ ही उन्होंने ड्रोन दीदी के नाम से भी अपनी अलग पहचान बनाई है. श्रीमति मीणा ने बताया कि वह 10वीं तक शिक्षित थी. पति कृषि कार्य करते थे, जिससे बड़ी मुश्किल से परिवार का भरण पोषण हो पाता था. वे अपनी शिक्षा को आगे चालू रखना चाहती थी परन्तु आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने से वह आगे की पढ़ाई नहीं कर सकी. कुछ वर्ष पहले आजीविका मिशन के कर्मचारियों द्वारा ग्राम में भ्रमण कर महिलाओं को समूह में जुड़ने हेतु समझाया गया. समूह से जुड़ने के बाद धीरे-धीरे बचत कर समूह से पैसा लेकर श्रीमती सरुपी ने अपनी आगे की पढ़ाई चालू कर दी. साथ ही उन्होंने समूह निर्माण कार्य एवं अन्य सर्वे कार्य सीआरपी के रूप में करना प्रारम्भ कर मानदेय प्राप्त करने लगी. समूह से रुपए लेकर और समूह के कार्य से प्राप्त मानदेय से उन्होंने एक किराना दुकान शुरू की.

### नमो ड्रोन योजना का भी मिला लाभ

सरूपी मीणा को सांची में रूरल मार्ट का संचालन करने का अवसर मिला. वह रूरल मार्ट में दीदी समूहों के उत्पादों का विक्रय एवं अन्य सामग्री का विक्रय करने का कार्य करती है. इसके अतिरिक्त श्रीमती मीणा को वर्ष 2023-24 में नमो ड्रोन योजना का भी लाभ मिला है. उन्हें नि:शुल्क ड्रोन दिया गया .वह खेतों में ड्रोन से कीटनाशकों का छिड़काव करने लगी. इस प्रकार उन्हें प्रतिवर्ष लगभग तीन लाख रुपए की आमदनी हो जाती है.